दिनांक 01.04.2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी को लगाया जा रहा है कोविड का टीका, भिलाई के केन्द्रों में पहुंचकर करवा सकते है टीकाकरण

भिलाई नगर। भिलाई में 46 केन्द्र टीकाकरण के लिये बनाये गये है , इन केन्द्रों में कोविड का टीका लगाया जा रहा है। 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों का टीकाकरण आज से किया जा रहा है। निगम के रहवासी उत्साहपूर्वक टीका लगवा रहे है। कोविड संक्रमण से बचाव हेतु टीकाकरण की संख्या में इजाफा हो रहा है। वहीं भिलाई निगम ने टीकाकरण केन्द्रों को लोगों की सहूलियत के लिये इजाफा किया जा रहा है। टीका लगाने के लिये रजिस्ट्रेशन एवं वेरिफिकेशन प्रोसेस में तेजी लाई गई है! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी कंट्रोल रूम से लगातार टीकाकरण की मॉनिटरिंग कर अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं। उपायुक्त अशोक द्विवेदी व जोन के आयुक्त सतत केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं! अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण लक्ष्य निगम ने रखा है। निगम प्रशासन ने टीकाकरण केन्द्रों तक असहाय लोगों को पहुंचाने एवं लोगों का टीकाकरण कराने बड़े वाहनों की भी व्यवस्था की है। मितानीन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता टीकाकरण के लिये घर घर संपर्क कर रहे है। निगम के कर्मचारी रजिस्ट्रेशन एवं वेरिफिकेशन का कार्य तेजी से कर रहे है। टीकाकरण के बाद कोविड प्रोटोका ॅल के मुताबिक कुछ देर निगरानी में रखा जा रहा है। हेल्थ वर्कर , फ्रंट वर्कर के टीकाकरण के बाद आम आदमी को भी टीका लगाया जा रहा है। जितना ज्यादा टीकाकरण होगा कोविड संक्रमण को रोकने में उतनी ही मदद मिलेगी। टीकाकरण के लिये समाजसेवी , जनप्रतिनिधियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। कोरोना टीका लगवाने सूचित करते हुये केन्द्रों तक पहुंचा रहे है। बुधवार को भिलाई के विभिन्न केन्द्रों में 1878 लोगों ने टीकाकरण कराया। वहीं आज टीकाकरण के लिए भारी उत्साह दिखा और 5337 लोगों ने कोविड का टीका लगवाया।

इन केंद्रों में पहुंचकर लगवाएं टीका जोन 01 क्षेत्र के - शिव मंदिर मा ॅडल टाउन , सांस्कृतिक भवन स्मृतिनगर, कोसानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र , आश्रय स्थल प्रियदर्शनी परिसर पूर्व , सियान सदन गणेश मंदिर के पास, पुरानी शराब भट्ठी पार्षद कार्यालय भीमनगर, मल्लाह पारा श्रमिक भवन, शासकीय स्कूल फरीदनगर, कोहका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मंगल बाजार कोहका, शास्त्री हा ॅस्पिटल पीएचसी, आमोद भवन सुपेला , सियान सदन मिलन चौक हुडको।

जोन 02 क्षेत्र के - वार्ड नं. 10 शांतिनगर प्रा. शाला दशहरा मैदान, वार्ड नं. 11 अंबेडकर नगर अंबेडकर भवन, वार्ड नं. 13 राजीव नगर राम जानकी मंदिर, वार्ड नं. 14 जवाहर नगर कर्मा भवन रामनगर, वार्ड नं. 15 वैशाली नगर प्रा. स्वा. केन्द्र , वार्ड नं. 15 वैशालीनगर सांस्कृतिक भवन , वार्ड नं. 16 कुरूद स्वास्थ्य विभाग कार्यालय , वार्ड नं. 17 वृन्दानगर मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय , वार्ड नं. प्रेमनगर चैता मैदान, वार्ड नं. 19 शास्त्रीनगर छत्तीसगढ़ सदन , वार्ड नं. 26 हाउसिंग बोर्ड सूर्यकूण्ड , वार्ड नं. 27

घासीदास नगर सामुदायिक भवन। जोन 03 क्षेत्र के - वार्ड नं. 20 बीएसपी पानी टंकी स्वास्थ्य कार्यालय, वार्ड नं. 21 सुंदर नगर गुरूद्वारा, वार्ड नं. 22 श्याम नगर केम्प 02 बाल मंदिर, वार्ड नं. 23 मोची मोहल्ला रविदास भवन, वार्ड नं. 50 सेक्टर 02 गणेश मंच, वार्ड नं. 24 दुर्गा विद्यालय। जोन 04 क्षेत्र के - वार्ड नं. 28 मंगल बाजार छावनी , वार्ड नं. 28 प्राथमिक स्वा. केन्द्र छावनी , वार्ड नं. 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बापूनगर, वार्ड 31 दुर्गा मंदिर सामुदायिक भवन, वार्ड नं. 32 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुर्सीपार मंगल भवन , वार्ड नं. 33 सामुदायिक भवन पंप हाउस , वार्ड नं. 34 श्रीराम चैक सामुदायिक भवन, वार्ड नं. 37 सामुदायिक भवन सुभाष नगर, वार्ड नं. 38 स्लम स्वास्थ्य केन्द्र, वार्ड नं. 37 शहरी स्वास्थ्य केन्द्र डी मार्केट। जोन 05 क्षेत्र के - वार्ड नं. 54 सेक्टर 5 सत विजय ऑडिटोरियम, वार्ड नं. 65 सेक्टर 07 लक्ष्मीपति राजू पूर्व पार्षद के घर के समीप , जोन 05 सेक्टर 06 कालीबाड़ी मंदिर, वार्ड नं. 64 सेंट्रल एवेन्यू के समीप गुंडिचा मंच, जैन मंदिर फिजियोथेरेपी कक्ष सेक्टर 06।